पढ़ाने का आह्वान किया है।

सोलन कालेज में श्रेष्ठ भारत की विचारधारा पर मंत्रणा

सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन में एक भारत श्रेष्ठ भारत की विचारधारा को चरितार्थ करने के लिए एनसीसी, एनएसएस तथा रोवर एंड रेंजर इकाईयों द्वारा एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीनों इकाईयों के तीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर तीनों इकाईयों के प्रभारी डा. प्रियंका वैद्य, प्रो. सोहन नेगी, डा. राजन तंवर, प्रो. कनुप्रिया, प्रो. अर्चना गुप्ता तथा डा. राजेंद्र प्रकाश उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन रूसा समन्वयक डा. राजेंद्र कश्यप के नेतृत्व में संपन्न किया गया। डा. कश्यप ने कहा कि सोलन महाविद्यालय को केरल राज्य के महाविद्यालय के साथ जोड़ा गया है। दोनों महाविद्यालयों के श्रेष्ठतम विद्यार्थियों को संस्कृतियों के आदान-प्रदान के लिए दूसरे राज्य में जाने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. नीलम कौशिक ने कहा कि भारत की विविधता को जानने का यह श्रेष्ठतम मंच है। विद्यार्थियों को इसका लाभ लेना होगा।

सबाथ कालेज के छात्रों ने एड्स पर निकली रैली

Scanned by CamScanner